Live Smart

AKSH

# AKSH OPTIFIBRE LIMITED

A - 32, 2nd Floor,
Mohan Co-operative Industrial Estate, Mathura Road,
New Delhi-110044, INDIA
Tel. : +91-11-49991700, 49991777
Fax : +91-11-49991800
E-mail : aksh@akshoptifibre.com
Website : www.akshoptifibre.com
CIN NO. L24305RJ1986PLC016132

August 23, 2022

To,

| | |
|---|---|
| **National Stock Exchange of India Ltd**<br>Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1,<br>G Block, Bandra Kurla Complex,<br>Bandra (E), Mumbai- 400 051.<br>**Scrip Code: AKSHOPTFBR** | **BSE Ltd**<br>Phirozee Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Mumbai- 400 001<br><br>**Scrip Code: 532351** |

**Subject: Newspaper Publication- Notice and E-voting Information for 35th Annual General Meeting.**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed copies of Newspaper Publication published in "The Financial Express" and "Lokmat" on August 23, 2022 with respect to the Notice and E-voting Information for 35th Annual General Meeting of the Company.

You are requested to take the same on records.

*for* **Aksh Optifibre Limited**

**Anubhhav Raizada**
**Company Secretary**

*Encl: a/a*

# ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर व आयुक्त महेन्द्र सोनी ने किया हिंगौनिया गौपुनर्वास केन्द्र में लंपी केयर सेंटर का निरीक्षण

## हिंगौनिया गौशाला में गायों को लंपी स्किन रोग से बचाने के लिये फोगिंग करवाने व इम्यूनिटी बूस्टर्स देने के साथ ही व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के दिये निर्देश





**जयपुर।**

नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर एवं आयुक्त श्री महेन्द्र सोनी ने सोमवार को हिंगौनिया गौपुनर्वास केन्द्र का दौरा कर गौवंष में फैल रही लंपी वायरस के संक्रमण से गायों को बचाने के लिये बनाये गये लंपी केयर सेंटर पर जाकर वस्तु स्थिति जानी तथा अधिकारियों को आवष्यक दिषा निर्देष दिये।

ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर एवं आयुक्त श्री महेन्द्र सोनी ने दौरे के दौरान संबन्धित अधिकारियों से गायों को लंपी वायरस के संक्रमण से बचाने के लिये किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली तथा लंपी स्किन रोग से गायों को बचाने के लिये गौषाला में लंपी केयर सेंटर जहां संक्रमित गायों का अलग से आइसोलेषन व उपचार किया जा रहा है का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देष दिये।

आयुक्त श्री महेन्द्र सोनी ने अधिकारियों को निर्देष दिये कि गौपुनर्वास केन्द्र में फोगिंग मषीन द्वारा निरंतर फोगिंग करवाई जाये तथा सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाये साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा बताये गये इम्यूनिटी बूस्टर्स को भी गायों को दिया जाये जिससे गायों में इम्यूनिटी बढ़ाई जा सके तथा लंपी वायरस के संक्रमण की रोकथाम हो सके।

वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र मीणा ने बताया कि हिंगौनिया गौषाला में वर्तमान में 14 हजार 500 गायें है जिनमें से लंपी स्किन रोग से ग्रस्त 592 गायों में से 538 गायें ठीक हो गई है। इसके साथ ही 41 गायों का उपचार जारी है।

दौरे के दौरान उपायुक्त स्वास्थ्य श्री मुकेष कुमार, मानसरोवर जोन उपायुक्त श्री हेमाराम चौधरी एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र मीणा उपस्थित रहे।

# आरटीडीसी की होटलों का होगा जीर्णोद्धार, समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

## वित्त सचिव अखिल अरोड़ा से मिले राठौड़ समयबद्ध निर्माण कार्य करें पूरा - राठौड़

**जयपुर/लोकमत।** राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री श्री धर्मेंद्र राठौड़ की अध्यक्षता में आज पर्यटन भवन में आर. टी. डी. सी. के हेरिटेज होटल्स के जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में निगम अध्यक्ष राठौड़ ने बताया कि आरटीडीसी के हेरिटेज होटल्स सरोवर पुष्कर, गोकुल नाथद्वारा, लेक पैलेस सिलीसेड एवं कैसल झूमर बावड़ी, रणथम्भौर का जीर्णोद्धार करवाया जा रहा है। आरटीडीसी की हेरिटेज होटल्स पर्यटकों के लिए शीघ्र ही नए स्वरूप में नजर आएगी ।

समीक्षा बैठक में निगम अध्यक्ष राठौड़ ने निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों, आर्किटेक्ट एवं कार्य कर रही सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से समयबद्ध गुणवत्ता युक्त कार्य करने के निर्देश प्रदान किए । इस अवसर पर आरटीडीसी एम. डी. श्री वी. पी. सिंह (आई. ए. एस.) एवं अधिकारी, आर्किटेक्ट व कार्य कर रही सभी फर्मों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### निगम अध्यक्ष राठौड़ ने की वित्त सचिव अरोड़ा से मुलाकात की

राजस्थान पर्यटन विकास निगम के वित्तीय मुद्दों को लेकर निगम धर्मेंद्र राठौड़ ने वित्त सचिव अखिल अरोड़ा से मुलाकात कर निगम के वित्तीय मुद्दों पर विस्तृत विचार विमर्श किया ।

निगम अध्यक्ष राठौड़ ने वित्त सचिव अखिल अरोड़ा से पैलेस ऑन व्हील्स, आरटीडीसी के कर्मचारियों के ऋ्न ।।ए के सम्बंध में, आरटीडीसी के होटल के जीर्णोद्धार के सम्बंध में एवं पर्यटन विकास कोष के सम्बंध में विस्तृत विचार विमर्श किया।

इस अवसर पर निगम के प्रबंध निदेशक श्री वी. पी. सिंह (आई. ए. एस.) एवं कार्यकारी निदेशक श्री अशोक योगी साथ रहे।

## एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर 24 अगस्त को

**धौलपुर/लोकमत।** राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी नीति के तहत जिला प्रशासन एंव जिला रोजगार कार्यालय द्वारा एक दिवसीय कैम्पस रोजगार सहायता शिविर 24 अगस्त को रोजगार कार्यालय परिसर धौलपुर में आयोजित जायेगा। जिसमें बेरोजगार आशार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन दिया जाएगा जिसमें भोले बाबा मिल्क फूड इण्ड., आर.ई.सी.एल., एनवीई सन्स बिजोली, भारतीय जीवन बीमा निगम सहित अन्य स्थानीय कम्पनियों द्वारा आशाथियों की भर्ती की जावेगी। जिला रोजगार अधिकारी रघुवीर सिंह मीणा ने बताया कि शिविर में राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जावेगी तथा जिला उघोग केन्द्र व आरएसएलडीसी द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान कर स्किल्ड प्रशिक्षण के आवेदन पत्रा भरवाये जावेंगें। समस्त बेरोजगार आशार्थी अपनी योग्यता सबंधी दस्तावेज तथा पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए 24 अगस्त को प्रात: 10 बजे रोजगार कार्यालय धूलकोट धौलपुर में भाग लेंवें।

## स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव के लिए 20 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे

**खेतड़ी/लोकमत।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में 26 अगस्त को होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए सोमवार को 20 प्रत्याशियों ने नामांकन भरे । अध्यक्ष पद हेतु खड़क सिंह, निशा सैनी,नेहा मेहरडा,राहुल सोनी,संजय कुमार सैनी,सुनीता बीलवा उपाध्यक्ष पद हेतु आशीष कुमार,चिराग देवा,जगत सिंह,नरेंद्र योगी,नवीन कुमार गोठवाल महासचिव पद हेतु अभिषेक कुमावत, विक्की शर्मा,विकास,हिमांशु बबेरवाल संयुक्त सचिव पद हेतु पवन कुमार, प्रदीप कुमार सैनी, संदीप सिंह, साहिल शेख, सुमित कुमार के नामांकन पत्र प्राप्त हुये है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.रामनारायण झा ने बताया कि कक्षा प्रतिनिधि पद हेतु कोई भी नामांकन पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं। वैध नामाकंन सूची का प्रकाशन 23 अगस्त मंगलवार को किया जायेगा।

## ग्राम विकास अधिकारियों ने शुरू किया नया नही न्याय चाहिए आंदोलन



**अंराई /अजमेर।** अराई को 22 अगस्त से प्रारंभ हो रहे आंदोलन के अगले चरण 'नया नहीं – न्याय चाहिए' वादाखिलाफी आक्रोश आंदोलन को लेकर ज्ञापन सोपा। अध्यक्ष हरी सिंह शेखावत ने बताया की राज्य सरकार से गत वर्षो में 3 बार लिखित समझोते हुए थे जो आज दिनांक तक लागू नही किए गए है जिसको लेकर ग्राम विकास अधिकारी गत 4 अगस्त से कार्य वहिष्कार पर है तथा आज दिनांक तक इन मांगों पर कोई कार्यवाही न होने से ग्राम विकास अधिकारियों में रोष व्याप्त है, इसी क्रम में ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा सामंजिक अंकेक्षण कार्य का वहिष्कार भी किया । मानवीय आधार पर ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा पशुओं में फेल रही लेम्पी स्किन डिसिस का कार्य करने का निर्णय लिया गया था इसी क्रम में लेंपी स्किन डिसिस में आ रहि कठिनाइयों के संबंध में ज्ञापन सोपाज्ञापन देने वालों में ब्लॉक मंत्री दिनेश गोस्वामी, जिला मंत्री, प्रह्लाद गुर्जर, हरिकेश यादव, लक्ष्मण बैरवा, मुकेश भाभी, जितेंद्र सिंह, मनोज कुमावत, सुरेश चौधरी ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित थे।

# सुक्ष्म सिंचाई योजना के दिए गए लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूरा करें : जिला कलक्टर

**धौलपुर।**

सुक्ष्म सिचाई मिशन के क्रियान्वयन हेतु सम्बंधित हितधारकों के साथ बैठक का आयोजन जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने राष्टीय कृषि विकास योजना के तहत सुक्ष्म सिचाई योजना के दिए गए लक्ष्यों को शत प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फव्वारा व ड्रिप सिचाई तकनीक को बढावा देने के लिए अधिक से अधिक कृषकों के आवेदन पत्रा लिया जाना सुनिश्चित करें।



उन्होंने कृषि अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कृषि विभाग द्वारा कृषकों के लाभान्वित करने वाली स्किमों के अलग अलग फोल्डर बनाकर कृषकों को जागरूक करें। कृषकों को फलदार बगीचे लगाने के लिए प्रेरित करते हुए विभाग द्वारा संचालित प्रत्येक स्किम का प्रचार प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कृषि पर्यवेक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि कृषकों को अपनी विभागीय योजना के साथ साथ अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए मुख्य मंत्राी चिरंजीवी बीमा योजना की जानकारी देते हुए कृषकों को बीमा कराने के लिए प्रेरित किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्राी किसान निधि के तहत कृषकों के केवाईसी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसूचित जाति एवं जनजाति के बाहुल्य क्षेत्रा में अधिक से अधिक पत्रावली तैयार करते हुए कृषि पर्यवेक्षकों को लक्ष्य निर्धारित किये जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ऊर्जा मित्रा किसानों को भी प्रेरित करें। बैठक में कृषि उपनिदेशक विजय सिंह, राकेश कुमार यादव सहायक निदेशक उद्यानिकी, कृषि वैज्ञानिक अधिकारी शिवमूरत मीणा सहित कृषि पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

## बबाई कन्या महाविद्यालय में कक्षा प्रतिनिधि 2 पदों के लिए 4 नामांकन भरे

**बबाई/लोकमत।** बबाई कन्या महाविद्यालय में सोमवार को कक्षा प्रतिनिधि 2 पदों के लिए 4 नामांकन दाखिल किए गए बीए फर्स्ट ईयर सेक्शन ए के लिए करीना व अनीता ने बीए फर्स्ट ईयर सेक्शन बी के लिए पूजा खटाना व सोनम बानो ने नामांकन दाखिल किए।

## निगम हैरिटेज द्वारा चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान अभियान के दौरान चार ट्रक सामान किया जब्त

**जयपुर।**

नगर निगम जयपुर हैरिटेज की सतर्कता टीम द्वारा सोमवार को ईदगाह से ट्रांसपोर्ट नगर तक दिल्ली रोड पर चलाए गए अस्थाई अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत चार ट्रक सामान जब्त किया गया।

उपायुक्त सतर्कता नील कमल मीना के निर्देश पर निगम हैरिटेज की सतर्कता दल ने अस्थाई अतिक्रमण रोड़ी, बजरी, एवं मलवा हटाने की कार्रवाई की । निगम हैरिटेज क्षेत्र में दिल्ली बाईपास रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर पुलिया के नीचे, आरएसी पुलिस बटालियन के पास, ईदगाह के पास, खोले हनुमान जी के पास, रामगढ़ रोड पुरानी चुंगी के पास से अस्थाई अतिक्रमण हटाया गया जिसमें चार ट्रक ठेले, रोड़ी एवं बजरी आदि सामान जब्त कर गोदाम में जमा किया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिरिक्त आयुक्त श्री आशीष कुमार एवं सब इंस्पेक्टर श्री अनिल आदि मौके पर उपस्थित थे।

# महाविद्यालयों में होने वाले चुनावों में कानून व्यवस्था एवं लोक शांति बनाये रखने के दिए निर्देश

**धौलपुर।**

छात्रसंघ अध्यक्ष चुनावों को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने उपखण्ड स्तरीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की वीडियो कॉफ्रेंस के जरिए बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी समन्वय के साथ कार्य कर जिले के महाविद्यालयों में होने वाले चुनावों में कानून व्यवस्था एवं लोक शांति बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 26 अगस्त को छात्रा संघ अध्यक्ष के मतदान दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था की माकूल व्यवस्था की जायेगी। महाविद्यालयों में होने वाले चुनाव के लिए बेरीकेटींग की व्यवस्था करते हुए छात्रासंघ चुनाव के लिए कमेटी द्वारा जारी की गई गाइडलाइन की पालना आवश्यक रूप से करें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द शर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि महाविद्यालयों के प्राचार्यो द्वारा छात्रासंघ चुनाव सम्पन्न कराने के लिए अध्यापकों की नियुक्ति मांग अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतगणना पूर्ण निष्पक्षता एवं सावधानी बरतते हुए पारदर्शिता के साथ की जाये। छात्रासंघ चुनाव के लिए नियुक्त कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। 26 अगस्त को मतदान समाप्ती के पश्चात् पुलिस बल के साथ जिला मुख्यालय के महाविद्यालयों की मतपेटीयों को कोषाधिकारी कार्यालय में एवं अन्य महाविद्यालयों की मतपेटीयों को सम्बंधित थाने में जमा कराना सुनिश्चित किया जाये। 27 अगस्त को छात्रा संघ अध्यक्षों की मतगणना पुलिस सुरक्षा के तहत कराई जाये। उन्होंने कहा कि विजयी छात्रा संघ अध्यक्ष बिना प्रशासन की अनुमति के विजयी जलूस नही निकालेंगे।

पुलिस अधीक्षक धमेन्द्र सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा कि मतदान दिवस एवं मतगणना पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया जायेगा। कानून व्यवस्था एवं लोकशांति बनाये रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा। वीसी में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तौमर, उपखण्ड अधिकारी भारती भारद्वाज, तहसीलदार भगवत शरण त्यागी सहित सम्बंधित महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## विधुत आपूर्ति रहेगी बाधित

**धौलपुर।** जयपुर डिस्कॉम के सहायक अभियन्ता विजेन्द्र सिंह ने बताया कि 11 केवी फीडर आई.टी.आई. फीडर व 11 केवी फीडर शास्त्रीनगर फीडर पर मरम्मत कार्य होने के कारण 23 अगस्त को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक सम्बंधित क्षेत्रा की विधुत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी प्रकार 33 / 11 केवी सब स्टेशन रीको का मरम्मत कार्य 24 अगस्त को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होने कारण सम्बंधित सब स्टेशन से निकलने वाले 11 केवी भगवान देवी, मयूरी, शरदा साल्वट, न्यू रीको, मोरोली वाटर बॉक्स व जिरौली फीडरों से सम्बंधित क्षेत्रों की विधुत आपूर्ति बाधित रहेगी।

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड, बीकानेर**

**निविदा सूचना संख्या 07/2022-23**

विभिन्न भवनों के निमार्ण एवं मरम्मत कार्य पैकेज 02/2022.23 कृ.उ.म.स. बीकानेर अनाज की लागत राशि 44. 92 लाख की ऑन-लाईन निविदायें ई-प्रोक्यूरमेन्ट ( eproc.rajasthan.gov.in ) के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से दिनांक 06.09..2022 सांय 6:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.rsamb.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in (UBN No. AGM2223WSOB00470) पर भी देखा जा सकता है।

Raj./Samwad/C/6609/2022-23 अधिशाषी अभियंता

**जयपुर विकास प्राधिकरण**

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा/प्र.श.कसं./2022 दिनांक : 22 08.2022

**नियमन शिविर स्थगन सूचना**

| क्र.सं. | जोन | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | पीआरएन दक्षिण प्रथम | निजी खातेदारी की योजना, नारायण विहार जी ब्लॉक का दिनांक 24.08.2022 एवं 25.08.202 को आयोजित शिविर। |
| 2 | 14 | बाबा.आर.एन. गौड़ गृ.नि.स.स.लि. की महर्षि गौतम नगर द्वितीय योजना का दिनांक 24.08.2022 एवं 25.08.2022 को आयोजित शिविर। |
| 3 | 14 | श्री गणपति गृ.नि.स.स.लि. की गणेश वाटिका 4 व 5 योजना का दिनांक 26.08.2022 व 30.08.2022 को आयोजित शिविर। |
| 4 | 8 | लक्ष्मी गृ.नि.स.स. की माता सरस्वती नगर ग्राम धोलाई योजना एवं निजी खातेदारी की नवीन स्वीकृत आवासीय योजना दयाल नगर का दिनांक 25.08.2022 से 27.08.2022 को आयेजित शिविर। |

**उपायुक्त**

Samwad/C/6669/2022-23 (जोन-8, जोन-14, पीआरएन दक्षिण प्रथम)

**अक्ष ऑप्टीफाइबर लिमिटेड**

Live Smart

CIN: L24305RJ1986PLC016132

पंजी. कार्यालयः एफ–1080, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–III, भिवाडी–301019, राजस्थान
कॉर्पोरेट कार्यालयः ए–32, दूसरा फ्लोर, मोहन को–ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, मथुरा रोड, नई दिल्ली–110044
फोन नं0.: 011-49991700, फैक्स नं0.: 011-49991800
ई–मेलः investor.relations@akshoptifibre.com | वेबसाइटः www.akshoptifibre.com

**सूचना**

**35वीं वार्षिक आम बैठक हेतु ई–मतदान की जानकारी**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सामान्य परिपत्र सं. 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 21/2021 एवं 02/2022 ("एमसीए परिपत्र") और भारतीय प्रतिभूति तथा विनिमय बोर्ड द्वारा जारी किए गए सेबी परिपत्र सं. सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 के अनुपालन में 35वीं एजीएम की सूचना में निर्धारित कामकाज के निष्पादन के लिए कंपनी के सदस्यों की 35वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 16 सितम्बर, 2022 को प्रातः 11:30 बजे विडियो कॉन्फ्रेंस ("वीसी")/अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों ("ओएवीएम") के द्वारा आयोजित की जाएगी।

एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्रों के अनुपालन में एजीएम की सूचना के साथ वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट (वार्षिक रिपोर्ट 2021–22) उन सदस्यों को सोमवार, 22 अगस्त, 2022 को इलेक्ट्रॉनिकली मेल कर दी गई है जिनके ई–मेल आईडी कंपनी या डिपॉजिटरीज/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं। उक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.akshoptifibre.com, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों यानि बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड www.nseindia.com और कंपनी की आरटीए ई–मतदान वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर भी उपलब्ध होंगे।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, यथासंशोधित और सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटन आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुसरण में, कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ("ई–वोटिंग") से अपना मतदान देने की सुविधा उपलब्ध करा रही है और एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय को निष्पादन ई–वोटिंग के माध्यम से किया जा सकता है। कंपनी ने रिमोट ई–मतदान सुविधा प्रदान करने के लिए अधिकृत एजेंसी के रूप में केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (पूर्व में केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (केफिन) की सेवाएं ली हैं। डिमेट प्रारूप या भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यों और जिन सदस्यों के ई–मेल पते पंजीकृत नहीं है, उनके लिए रिमोट ई–मतदान, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल/भाग लेने और एजीएम के दौरान ई–मतदान की प्रक्रिया एवं पद्धति एजीएम की सूचना में दी गई है।

रिमोर्ट ई–मतदान का विवरण निम्नानुसार हैः

1. रिमोट ई–मतदान प्रारंभ होने की तिथि एवं समयः **मंगलवार, 13 सितंबर, 2022 (प्रातः 09:00 बजे आईएसटी)**
2. रिमोट ई–मतदान समाप्त होने की तिथि एवं समयः **गुरूवार, 15 सितंबर, 2022 (सायं 05:00 बजे आईएसटी)**
3. जिस व्यक्ति का नाम कट–ऑफ तिथि यानी 09 सितंबर, 2022 के अनुसार कंपनी के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों के तौर पर दर्ज है वह ही रिमोट ई–मतदान सुविधा प्राप्त करने के साथ–साथ बैठक में मतदान करने के अधिकारी है।
4. ऐसा व्यक्ति जिसका नाम बैठक की सूचना भेजे जाने के बाद रजिस्टर में शामिल होता है और कट–ऑफ तिथि को शेयर धारण करता है, वह बैठक की सूचना जो कि कंपनी की वेबसाइट और केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की वेबसाइट में उपलब्ध है, में दी गई विस्तृत प्रक्रिया का पालन करके रिमोट ई–मतदान और एजीएम में मतदान के लिए ई–मतदान हेतु यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यदि सदस्य केफिन के साथ ई–मतदान के लिए पहले से ही पंजीकृत है तो वह रिमोट ई–मतदान और एजीएम में मतदान के लिए ई–मतदान हेतु अपने वर्तमान यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।
5. ई–मतदान के माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम स्थल पर भी उपलब्ध रहेगी तथा रिमोट ई–मतदान से अपना मत न देने वाले बैठक में उपस्थित सदस्य बैठक में अपना ई–मत दे सकेंगे।
6. रिमोट ई–मतदान से अपना मत दे चुके सदस्य बैठक में उपस्थित रह सकते है लेकिन बैठक में अपने मत का पुनः उपयोग नहीं कर सकेंगे।
7. रिमोट ई–मतदान से संबंधित किसी पूछतांछ हेतु, सदस्य/लाभार्थी स्वामी निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकते है :
   श्री राज कुमार काले, वरिष्ठ प्रबंधक, के फिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31–32, गाचीबौली, फाइनेंसियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा, हैदराबाद–500032, पदनामित ई–मेल आईडीः einward.ris@kfintech.com या टेलीफोन नं. 040 - 6716 1616/9177404088। कंपनी के सदस्य कंपनी संचिव को investor.relations@akshoptifibre.com पर या पंजीकृत कार्यालय को भी पत्र लिख सकते है।
8. ऐसा सदस्य जिसका ई–मेल पता कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास पंजीकृत नहीं है और जो एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2021–2022 ई–मेल के माध्यम से प्राप्त करने का इच्छुक हो और यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना चाहता हो, वह नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने ओर एजीएम में ई–मतदान तथा रिमोट ई–मतदान के माध्यम से मतदान देने के लिए अपना ई–मेल पता पंजीकृत करा सकता हैः
   क. भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण कृपया अपना फोलियो नम्बर, पूरा पता, पैन तथा सदस्य के पंजीकृत पते के प्रमाण के रूप में कोई भी एक दस्तावेज (जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, बैंक विवरण, आधार) की स्व–सत्यापित प्रति स्कैन प्रति के साथ अपना पंजीकृत ई–मेल पता वर्णित करते हुए हस्ताक्षरित अनुरोध पर ई–मेल einward.ris@kfintech.com पर भेज सकता है।
   ख. डिमेट प्रारूप में शेयर धारण करने वाले सदस्यगण कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास अपना ई–मेल पता अपडेट कराएं।
   ग. सदस्यगण जिनका ई–मेल पता पंजीकृत नहीं है और इस कारण वार्षिक रिपोर्ट, ई–एजीएम की सूचना और ई–मतदान दिशानिर्देश प्राप्त करने में सक्षम नहीं है, वे लिंक https://ris.kfintech.com/clientservices/mobilereg/mobileemailreg.aspx पर एक्सेस करके कंपनी के आरटीए केफिनटेक के पास अस्थाई रूप से अपना ई–मेल पता एवं मोबाइल नम्बर पंजीकृत करा सकते हैं।
9. कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांरण पुस्तिका शनिवार, 10 सितंबर, 2022 से शुक्रवार, 16 सितंबर, 2022 (दोनों दिनों सहित) तक वार्षिक आम बैठक के उद्देश्य हेतु बंद रहेगी।

**कृते अक्ष आप्टीफाइबर लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**अनुभव रायजादा**
**कंपनी सचिव**

**स्थानः नई दिल्ली**
**तिथिः 22.08.2022**

# संभावित बाढ़ प्रभावित 80 गाँवो में रेड अलर्ट जारी, अधिकारियों को निगरानी रखने के दिए निर्देश

**धौलपुर।**

कोटा बैराज से अत्यधिक पानी छोड़े जाने के कारण चम्बल नदी में बढ़ते जल स्तर को देखते हुए जिला कलक्टर अनिल कुमार अग्रवाल ने अधिकारियों को आवश्यक राहत व बचाव सम्बंधी तैयारियों के साथ मुस्तैद रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि अधिशाषी अभियन्ता निचली यमुना मण्डल केन्द्र जल आयोग आगरा द्वारा अवगत कराया कि चम्बल नदी का जल स्तर आज रात तक 136 मीटर पहुँचने की संभावना है। जोकि सुबह तक बढ़ कर 140 मीटर तक हो सकता हैं। प्राप्त सूचना अनुसार कोटा बैराज के 16 गेट खोलकर 4 लाख 83 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की गई है। इस पानी की निकासी से चम्बल नदी में जल स्तर बढने से सरमथुरा, बाड़ी, धौलपुर, राजाखेड़ा के करीब 80 से अधिक गाँवों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को बाढ़ संभावित निचले क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए वहाँ रहने वाले निवासियों एवं पशुओं को तत्काल सुरक्षित स्थल तक पहुँचाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उनकी भोजन व अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाढ़ की संभावना के मददेनजर राहत एवं बचाव के लिए एक अतिरिक्त एसडीआरएफ टीम तैनात की जायेगी।



उन्होंने समस्त उपखंड अधिकारियों तथा विकास अधिकारियों को आपातकालीन स्थिति में राहत बचाव कार्य हेतु मय आवश्यक संसाधनों के तैयार रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने चिकित्सा विभाग की टीमों को आवश्यक दवाओं सहित संस्थानों पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अध्यापक, पटवारी, एएनएम, पुलिस कांस्टेबल, ग्राम विकास अधिकारी एवं सरपंच आदि को 24 घण्टे बाढ़ संभावित क्षेत्रों में भ्रमण एवं निगरानी रखने हेतु पाबन्द करने के निर्देश दिए है। उन्होंने एसडीआरएफ, आरएसी होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों को संशाधनों सहित आपातकालीन स्थिति में राहत बचाव हेतु तैयार रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि बाढ सम्बंधी किसी भी घटना की सूचना तत्काल जिला बाढ नियंत्राण कक्ष दूरभाष नम्बर 05642220033 पर दें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि बाढ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में गंभीर रोगो, मौसमी बीमारियों से ग्रसित पीड़ितों के उपचार हेतु एवं गर्भवती महिलाओं व प्रसुताओं को अत्यावश्यक आपातिक चिकित्सकीय सेवायें उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग को बाढग्रस्त क्षेत्रों में पशुओं में बाढ़ जनित बीमारियों को रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता जल संसाधन एवं आयुक्त नगर परिषद, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिकाओं को निर्देश दिए है कि बाढ़ राहत हेतु आवश्यक संसाधनों को तैयार रखें एवं जल भराव की स्थिति में पानी निकासी की तत्काल कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।